भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

भारत 2023 INDIA

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 14.10.2023

आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा ने किया अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी का दौरा

दिल्ली के प्रगति मैदान में 12.10.2023 से 14.10.2023 तक चल रहे अंतरराष्ट्रीय रेलवे उपकरण प्रदर्शनी के अंतिम दिन महाप्रबंधक श्री प्रशांत कुमार मिश्रा ने प्रदर्शनी का दौरा किया। इसमें लगभाग 11 देशों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग कर अपने–अपने देश की तकनीकी एवं क्षमताओं का प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शनी में आरेडिका भी भारतीय रेलवे की उत्पादन इकाई के रूप में रेलवे के उपकरणों एवं तकनीकी क्षमताओं का प्रदर्शन कर रही है । यहां आने वाले देशी–विदेशी सभी आगन्तुको को रेलवे के उपकरणों एवं उनके कार्य के बारे में रूबरू कराया जा रहा है।

महाप्रबंधक श्री मिश्रा रेलवे के साथ साथ सहयोगी कंपनियों के स्टॉल का दौरा कर उनके प्रोडक्ट्स के बारे में जानकारी प्राप्त की एवं उन्हे अपने कोच उत्पादन में लगने वाले उपकरणों के बारे में जानकारी साझा की। कोचों में यात्रियों की सुविधा बेहतर एवं आरामदायक बनाने के साथ ही क्या क्या नए काम कोचों में किया जाए इसके प्रति श्री मिश्रा ने ज्यादा उत्सुकता दिखाई। उन्होंने कहा कि आरेडिका इस प्रकार के प्रदर्शनों में अपनी बढ़–चढ़कर भूमिका निभाता रहेगा।

इस अवसर आरेडिका की ओर से प्लानिंग इंजीनियर रूपेश श्रीवास्तव, सीएमएम श्री संदीप शुक्ला, संजय निगम, डिजाइन से रौनक गुप्ता, ए के अग्निहोत्री, जन संपर्क अधिकारी अनिल श्रीवास्तव , एडीजीएम नरोत्तम विश्वकर्मा एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

14/10/2023
(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी